## सुरक्षा जवान के लिए 16 कैंडिडेट चयनित

**करौली** (नि.स.) क्षेत्रीय प्रशिक्षण अकादमी नई दिल्ली के पी.एन मलिक ने बताया कि सिक्यूरिटी प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं के चयन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन पंचायत समिति मासलपुर मे किया गया।

शिविर मे 30 कैडिंडेट ने भाग लिया जिसमें से 16 कैंडिडेट का सुरक्षा जवान के लिए चयन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर आज गुरूवार को नादौती में, 23 को सपोटरा,24 को श्रीमहावीरजी, 26 को टोडाभीम एवं 27 सितम्बर को करौली पंचायत समिति में आयोजित किये जायेंगे। एसआईएस क्षेत्रीय प्रशिक्षण अकादमी दिल्ली द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार उम्मीदवार शिविर मे अपनी 10वीं,12वीं कक्षा का प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के फोटोप्रति तथा पासपोर्ट आकार के दो नवीनतम फोटोग्राफ लेकर उपस्थित हो सकते है। शिविर के दौरान आवश्यक मापदंड को पुरा करने वाले उम्मीदवारों को चयन किया जाकर प्रशिक्षण के लिये भेजे जायेंगे। प्रशिक्षण सफल समापन के बाद एसआईएस इंडिया लिमिटेड मे नौकरी का अवसर दिया जायेगा।

# धौलपुर में एडीजी आवासन ने जानी पुलिस की जरूरतें

**धौलपुर** । राजस्थान के एडीजी आवासन ए पोन्नाचामी गुरुवार को धौलपुर के दौरे पर आए। जहां उन्होंने कई जगह का निरीक्षण कर पुलिस एवं आरएसी के लिए भवन आदि की जरूरतों के बारे में जानकारी ली।

धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एडीजी ने आरएसी छटी बटालियन, पुलिस लाइन, सहित विभिन्न थानों का निरीक्षण किया और भवनों का अवलोकन किया। सबसे पहले एडीजी आरएसी लाइन पहुंचे, जहां पुलिस जवानों के क्वार्टर और आर ए सी लाइन के भवन का जायजा लिया। इसके बाद एडीजी पोन्नाचामी सर्किट हाउस पहुंचे। जहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सर्किट हाउस में पुलिस के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद एडीजी जिला पुलिस के कंट्रोल रूम व वायरलेस ऑफिस पहुंचे, जहां कंट्रोल रूम के जर्जर भवन को लेकर अवश्य दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मेंटिनेंस को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की।



**एडीजी आवासन ए पोन्नाचामी ( बीच में ) गुरुवार को धौलपुर के दौरे पर आए। जहां उन्होंने कई जगह का निरीक्षण किया।**

इसके बाद एडीजी ने कोतवाली थाना और निहालगंज थाने के भवनों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे पुलिस लाइन पहुंचे, जहां भी पुलिस के जवानों के क्वार्टर्स आदि का निरीक्षण किया। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एडीजी ने कोतवाली थाने में कार्यालय के लिए नए कमरे, निहालगंज थाने में बेरिक के लिए नया भवन बनाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस लाइन में स्टाफ के क्वार्टर, पुलिस कंट्रोल रूम और वायरलेस ऑफिस के भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।इस दौरान एसपी धर्मेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी बचन सिंह मीणा, सीओ सिटी प्रवेंद्र महेला, कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया, निहालगंज थाना प्रभारी बाबूलाल एवं सदर थाना प्रभारी हनुमान सहाय सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने किया पौधारोपण

करौली (नि.स.)। माइनिंग एसोसिएसन करौली के सौजन्य से घुराकर स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में पौधारोपण जिला कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में किया इस दौरान जिला कलेक्टर ने सराहनीय कार्य बताते हुए कहा की यदि कोई और भी खाली जमीन हो पौधारोपण हेतु जिला प्रशासन आपके सहयोग के लिए तैयार हैं।

खनिज अभियन्ता ने अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की साथ ही कलेक्टर द्वारा इस परिसर के विस्तार हेतु नरेगा से स्वीकृति जारी कराने के निर्देश दिए पंचायत समिति प्रधान ने परिसर को विकसित करने हेतु दस लाख रुपये की घोषणा की साथ ही अतिथियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प अपनाने के जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया माइनिंग एसोसिएसन के अध्यक्ष मदनमोहन पचौरी ने बताया की खान भू विज्ञान एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में परिसर में पौधारोपण किया जिसमें जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह,खनिज अभियन्ता सुनील शर्मा,रीजनल अधिकारी प्रदूषण मंडल सवाईमाधोपुर दीपेंद्र झारवाल, कैलादेवी थानाधिकारी,माईनस फोरमैन अमित शर्मा आदि शामिल हुए।

## सार-समाचार

### पत्रकार को धमकी दी

**टोडाभीम** । बालघाट थाने में पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी धर्म सिंह गुर्जर ने बताया कि पत्रकार जगदीश मीणा ने प्राथमिकी के माध्यम से बताया कि बुधवार रात्रि करीब 9:00 बजे उसे एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कैलाश पार्षद बड़ापुरा टोडाभीम बताया परंतु जानकारी करने पर वह कैलाश पार्षद नहीं था बल्कि कोई और था। प्राथमिकी में पत्रकार ने बताया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने मुझसे कहा कि आपने भामाशाह रामनिवास मीणा के खिलाफ भगवान बुद्ध से तुलना करने वाला समाचार क्यों चलाया । जिस पर मैंने कहा कि क्षेत्र के घटनाक्रम से समाचार के माध्यम से आमजन को अवगत कराना मेरा संवैधानिक कर्तव्य है । मैंने उसी का पालन किया है तो फोन करने वाले व्यक्ति भड़क गया और उसने मुझे धमकाते हुए कहा कि भामाशाह रामनिवास के खिलाफ कोई समाचार चलाया तो तुझे देख लेंगे । इस दौरान वह बदतमीजी से पेश आया इतना कहकर उसने फोन काट दिया।

### दर्शन सिंह गुर्जर अध्यक्ष चुने

**करौली** (नि.स.) । सुंदरपुरा ग्राम सहकारी समिति के हुए मतदान में यहां के पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को सर्वसम्मति से सदस्यों ने निर्विरोध अध्यक्ष चुना। इस मौके पर जमुना लाल गुर्जर उपाध्यक्ष,निरंजन गुर्जर सदस्य एवं सन्नू जाटव, श्रीफल गुर्जर और चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को सुंदरपुरा ग्राम सहकारी समिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुनने पर सदस्यों व ग्रामीणों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया।

### डोटासरा से मिले विनोद जैन

**सवाई माधोपुर**। शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक विनोद जैन ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की।

# भूमि की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करौली** (नि.स.) । महावीरजी तहसील क्षेत्र के कांदरोली गांव के लोगों जिला कलेक्ट्रेट परिसर में परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बेघर हुए भूमिहीन लोगों को जमीन अलॉट कराकर पट्टा दिलवाने की मांग की।

हिण्डौन उपखंड के महावीरजी तहसील के कांदरोली गांव के लोगों राकेश, महेंद्र, राजाराम, घनश्याम, प्रेमराज, लाखन, विष्णु प्रजापत, राकेश हरिजन, जगन, फतेह सिंह सहित कई पुरूषो व महिलाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि ग्राम कॉदरौली में गत 1 सितंबर कोएसडीएम एव तहसीलदार एवं उनके साथ प्रशासन के द्वारा हमारे बने हुए घर तोड़ दिये गये। हम गरीब लोग बरगी, प्रजापत, जनजाति के लोग है हमे वहा रहते हुए करीब 60 वर्ष से अधिक हो चुके हैं मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करते है। अब हमारे बच्चे बेघर हो गये है रहने के लिए कोई स्थान नही है अब वर्तमान में तबू लगाकर उसी स्थान पर बसे हुए है। बरसात की वजह से हमे व हमारे बच्चों की स्थिती खराब है बच्चे बीमार पड गये है।

उन्होने बताया की 15 घर बरगी जाति के तोड़े गये जिसमें लगभग 80 व्यक्ति है तथा 2 घर प्रजापतो के जिसमें करीब 15 व्यक्ति है व 1 घर हरीजन का तोड़ा गया। तथा कुछ लोगों की तो आवास योजना के तहत मकान वर्तमान मे बनाये गये थे उनको भी प्रशासन के द्वारा तुडवा दिया गया है। एवं पानी का बोर था जिसे भी नष्ट कर दिया गया है अब पानी की समस्या पैदा हो गयी है। बिजली के कनैक्शन भी काट दिये गये है। अब हमारी हालात गंभीर है। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से बेघर हुये लोगो को भूमि आवंटित कर स्थाई रूप से निवास हेतु घर बनाने के लिये पट्टा जारी करने के लिये मांग कि है।

## अस्पताल में फल वितरण किए

**भरतपुर** (निस)। महाराजा श्री अग्रसेन सेवा संस्थान राजेंद्र नगर जवाहर नगर द्वारा मनाए जा रहे अग्रसेन सेवा सप्ताह के तहत अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व में जनाना अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण का कार्य किया गया।

संस्थान महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा अगसेन जयन्ती महोत्सव के तहत अग्रसेन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सेवा सप्ताह के तहत पहले दिन अग्रसेन पार्क डी ब्लॉक जवाहर नगर में दीपदान एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इंद्रा रसोई आर बी एम हॉस्पिटल में जरूरत मंद लोगों को निशुल्क भोजन कराया गया। इसी कड़ी में आज जनाना अस्पताल मोरी चार बाग में भर्ती मरीजों के लिए निशुल्क फल वितरण का कार्यक्रम ई सुरेश गोयल व षारदा गोयल के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ रवि गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कपिल अग्रवाल के साथ संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सिंहल एजुकेशन आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित

**करौली** (नि.स.)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट करौली के प्रभाग अध्यक्ष एवं पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चन्द्रकेश सिंघल को एजुकेशन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है

यह जानकारी देते हुए सिंहल ने बताया कि यह अवार्ड उनके शैक्षिक प्रबंधन एवं लीडरशिप के क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है बेहद सादगीपूर्ण,आकर्षक एवं अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के धनी सिंहल राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक योजना,प्रबंधन,प्रशासन एवं लीडरशिप की अनेकों कॉन्फ्रेंस एवं सेमिनार में अपना व्याख्यान दे चुके हैं अभी हाल ही में उन्होंने शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वाधान में शेक्षिक संस्थानों के विकास में समुदाय की सहभागिता विषय पर हैदराबाद,तैलंगाना में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। सिंहल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से दिल्ली में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्ष 2021 में इन्होंने विश्व शैक्षिक शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में भाग लिया इसके अलावा उन्होंने गुण्टूर,आन्ध्रप्रदेश, शिलांग, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इण्डिया बंगालूरू में भी कोविड 19 के संदर्भ में अपना पेपर प्रस्तुतीकरण किया है सिंहल राज्य स्तर पर स्थापित स्टेट लीडरशिप एकेडमी में संदर्भ व्यक्ति है। अर्न्तराष्टीय स्तर पर जापान,बाली,इण्डोनेशिया में पेपर प्रस्तुतीकरण पर इन्हें गणतन्त्र दिवस पर विशिष्ट सेवाओं के लिए जिला कलेक्टर करौली द्वारा सम्मानित किया इसके अतिरिक्त इन्हें सामाजिक कार्यकर्ता सुरक्षा पेंशन,महाभियान में उत्कृष्ट कार्य हेतु उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गुर्जर महासभा का अधिवेशन 25 को

**बयाना** । आगामी 25 सितम्बर को जयपुर जिले के कोटपुतली में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के 113 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होन के लिए बयाना उपखंड व भरतपुर जिले से भी गुर्जर समाज के हजारों लोग व प्रतिनिधी शामिल होंगे। महासभा के सुरेन्द्र सिंह कंसाना ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.यशवीर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में होने वाले इस अधिवेशन की तैयारीयों व अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए उनकी ओर से भी गांवों में जनसम्पर्क कर समाज की बैठकें भी आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में गुर्जर समाज को संगठित कर मजबूत बनाने व उनके राजनैतिक सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के उपायों व किसानों के उत्थान के लिए इस्टर्न कैनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना की मंजूरी तथा गुर्जर समाज को केन्द्र से भी एमबीसी आरक्षण की मंजूरी दिए जाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी।

# गायों को लम्पी रोग से बचाने के लिए दवाएं बांटी

**करौली** (नि.स.)। विप्र फॉउंडेशन राजस्थान जोन-1 डी द्वारा अपने जोन के करौली, धौलपुर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा जिलों में गौ माता पर आए भीषण संकट की इस घड़ी में विप्र फाउंडेशन परिवार ने लम्पी रोग से बचाव हेतु होम्योपैथिक दवाई का नि:शुल्क वितरण शुरू किया है।

विप्र फॉउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि विप्र फॉउंडेशन द्वारा पूरे भारत वर्ष में 15 लाख डोज होम्योपैथिक दवा नि:शुल्क वितरण करने का लक्ष्य रखा है।उसी परिप्रेक्ष्य में जोन के सभी जिलों में व करौली जिले के प्रमुख केन्द्रों पर विप्र फॉउंडेशन के कार्यकर्ताओं के माध्यम से बीमार गायों के परिजन व देखभाल करने बाले नि:शुल्क रूप से दवा प्राप्त कर सकते हैं। विप्र फाउंडेशन सूरत द्वारा चिकित्सकों के मार्गदर्शन में पैक दवा बहुत कारगर सिद्ध हुई है। पारीक विकास ट्रस्ट और सारस्वत कुंडीय समाज सूरत का आभार कि उन्होंने इसे तैयार किया है।प्रदेश संगठन महामंत्री शान्तनु पाराशर ने बताया कि दवाई की एक शीशी में 2 गायों का उपचार है बीमार गाय को बिस्किट पर 15 बूँद दवाई की डालकर दिन में 3 बार 7 दिन तक नियमित रूप से देनी है पूर्णविश्वास है कि गाय को आराम मिलेगा व गाय स्वस्थ हो जायेगी अब प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय के मार्गदर्शन में विप्र फॉउंडेशन के कार्यकर्ताओं के साथ विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1 डी की टीम ने दवा वितरण का मोर्चा संभाल रखा है विप्र फॉउंडेशन के गांव तहसील तक फैले संस्था के नेटवर्क का लाभ मिल रहा है अब गायों को बचा पाने में पूरी टीम ने आज से कार्य शुरू कर दिया है। पूर्व पार्षद राजेन्द्र सारस्वत ने इसे ऐतिहासिक व पुण्य कार्य बताते हुये विप्र फॉउंडेशन को बहुत बहुत धन्यवाद दिया है ।

## गंगापुर में गुरुओं का किया वंदन

**गंगापुर सिटी** । भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा चलाए जा रहे गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत भगवती उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदेई मोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम प्रभारी विष्णु खूटामार ने बताया की विद्यालय के कक्षा 6 से और 10 तक के 11 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया और विद्यालय के एक बालक का नीट एग्जाम में सिलेक्शन होने पर सम्मानित किया गया।

शाखा के पदाधिकारियों द्वारा गुरुओं की महत्ता को समझा कर गुरुओं का वंदन करने के तरीके को बताया गया और विद्यालय के सफल संचालन में योगदान देने वाले 6 शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

अंत में संस्था प्रधान अनुज शर्मा को शाखा की तरफ से संस्था के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में शाखा के पदाधिकारी प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखा सदस्य उपस्थित रहे। जिनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# बयाना में श्रीराम बारात देखने उमड़ा जनसैलाब

**बयाना**, । बयाना में बीती रात्रि को श्रीरामबारात शोभायात्रा देखने भारी जनसैलाब उमड पडा था। बयाना में श्रीरामबारात शोभायात्रा पिछले 75 वर्शो से प्रतिवर्ष क्वार के महीने में निकाली जाती है जिससे यहां प्रमुख महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार यह षोभायात्रा नगरपालिका मंडल की ओर से निकाली गई थी। जिसमें करीब 2 दर्जन आकर्षक धार्मिक झांकियों सहित करीब आधा दर्जन प्रमुख बैंडवादन दल षामिल हुए जिनमे भटिंडा से आया बैगपाइपर बैंडवादन दल लोगों के प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बना था। पालिकाध्यक्ष विनोद वट्टा व श्रीरामबारात कमेटी के सदस्य एवं पार्शद प्रमोद कोली,व बवलेष सैनी ने बताया कि इस षोभायात्रा को विषेश आकर्शक और भव्य बनाने के विषेश इंतजाम किए गए थे। वहीं पुलिस उपाधीक्षक अजय षर्मा ने बताया कि षोभायात्रा देखने उमडी भारी भीड व कानून एवं षांती व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीती रात्रि को बयाना में करीब

**श्रीरामबारात में सजी राम लक्ष्मण व हनुमान की झांकी।**

250 पुलिस कर्मीयों व अधिकारीयो का जाप्ता तैनात किया गया था। इसके अलावा कानून व षांती व्यवस्था पर नजर रखने के लिए प्रषासन व राजस्व विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों की टीम भी तैनात रही बयाना में देर रात्रि को हुई बारिष से शोभयात्रा में कुछ समय के लिए व्यवधान भी हो गया था। कथा श्रवण किया भक्तों ने : बयाना कस्बे के रानी बाग अनगढ़ हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समारोह में श्रद्धालुओं ने कथा व प्रवचनों का श्रद्धा भाव से श्रवण किया। कथा संयोजक सूरज शास्त्री ने बताया कथा में दूसरे दिन भगवान शिव पार्वती की लीलाओं व कृष्ण अर्जुन संवाद का संगीतमय वर्णन किया गया ।

## सदस्यता अभियान चलाया

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय बिधार्थी परिषद इकाई गंगापुर सिटी द्वारा बिद्यालय एव महाविधालय की सदस्यता अभियान शुरू किया। सदस्यता अभियान 21 से 25 तक चलाया जायेगा। एबीवीपी के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि एबीवीपी विश्व का सबसे बडा छात्र संगठन है। इसका उद्देश्य छात्र और शिक्षकों के हित में काम करना है। एबीवीपी वर्ष भर अनेकों गतिविधियों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्र वाद को बढावा देना, भारत भूमि के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन और प्रचार-प्रसार करना, राष्ट ीय नायकों के प्रति आदर भाव को बनाए रखना, संविधान की गरिमा के अनुरूप कार्य करना आदि है। संगठन में ऐसे सभी समान विचारधारा के लोगों स्वागत है, जिनके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरी है। सदस्यता अभियान सयोजक रवि शर्मा ने बताया कि सदस्यता में विद्यार्थियों के लिए पांच और शिक्षकों के लिए सौ रुपये निर्धारित किया है। इस दौरान जिला संयोजक सीताराम गुर्जर, नगर सह मंत्री रवि शर्मा, नगर सह मंत्री मनोज सैनी, नगर विस्तारक कृष्णा चौधरी, सचिन शर्मा आदि मोजूद थे।

# भगत सिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर भगत सिंह ठाकुर को निर्विरोध निर्वाचित हुए।**

**हिण्डौन सिटी** । हुक्मीखेड़ा ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर भगत सिंह ठाकुर को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुक्मी खेड़ा ठाम सेवा सहकारी समिति के गुरुवार को चुनाव संपन्न हुए जिसमें भगत सिंह डागुर निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित क्या गया है वही रंजीत सिंह डागुर निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए ।

इस दौरान जीएसएस ब्रह्मानंद शर्मा,रामबाबू डागुर, नाहर सिंह

**■ रंजीत सिंह डागुर निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए**

जाटव, वासुदेव जांगिड़, ओमपाल डागुर, रोशन सिंह डागुर, मनोज देवी डागुर, शशि कुमारी डागुर निर्वाचित हुए।

निर्वाचन प्रक्रिया संपूर्ण होने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**गंगापुर सिटी** । प्रजापति महासंघ राजस्थान के द्वारा प्रजापति समाज में राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह अर्जुन पैलेस, सालोदा रोड, गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर में 25 सितम्बर, 2022 रविवार को आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी राजस्थान ने बताया कि इस राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान में सभी जिलों से बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जिसमें दसवीं से लेकर नियुक्ति पाने तक व उत्कष्ट , खेलकूद, कवि, मिडियाकर्मी व विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं को किया जायेगा सम्मान अभी तक 400 रजिस्ट्रेशन समस्त राजस्थान से हो चुके है और 22 सितम्बर, 2022 अन्तिम तिथि है। इसके बाद कोई किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. लोकेश कुमार प्रजापति उपाध्यक्ष (केन्द्रीय राज्य मंत्री) राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग, भारत सरकार विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र कुमार प्रजापति राष्ट ीय अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित होकर समाज के विभिन्न प्रतिभाशालियों को सम्मान कर आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

## जलभराव से दो कमरे ढहे

**भरतपुर** (निस)। गुरूवार को नगर निगम के वार्ड 13 निवासी रामेष्वर का पूरा घर बारिष व जलभराव की भैंट चढ गया। जहां पहले रामेश्वर के घर के तीन कमरों में से एक घर ढहा था वहीं आज सुबह बाकी बचे दोनों कमरे भी जलभराव व बारिश के चढते ढह गये। जिसके चलते रामेश्वर के परिवार के सिर से छत का साया हट गया। फिलहाल रामेष्वर के परिवार ने रहने के लिए पड़ोसियों के घर में शरण ली है। वार्ड 13 के विजय नगर कॉलोनी में एक हिस्से में जलभराव के चलते कॉलोनी के कई घर भारी परेषानी का सामना कर रहे है। हर वक्त कॉलोनी के निवासी अनजाने डर के साये में जीने को मजबूर है। जलभराव के चलते सांप बिच्छू निकलने का तो डर बना ही रहता है। पानी की दुर्गंध के चलते रहना भी दूभर है। ऊपर से काम पर जाने के लिए जलभराव के बीच में होकर ही जाना पड़ता है। इसी जलभराव और पिछले कुछ दिनों से पड रही बारिष का सबसे ज्यादा नुकसान कॉलोनी निवासी रामेष्वर को उठाना पड़ा है। रामेश्वर व उसका पुत्र रोहताष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते है। लेकिन इस बार की बारिश ने उनकी कमर तोड कर रख दी।

# भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

**करौली** (नि.स.)। भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी का हुआ आयोजन,भाजपा जिले की बैठक के साथ, प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया

भाजपा द्वारा गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे आशीर्वाद मैरिज गार्डन में भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

भाजपा जिला संगठन की बैठक की शुरुआत वंदे मातरम भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया के द्वारा की गई, मुख्य अतिथि के रूप में करौली धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया उपस्थित रहे सेवा संगठन कार्यक्रम के जिला प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि गौ माताएं जो लंपी वायरस से पीड़ित है हमें उनकी सेवा करनी चाहिए,गौ माता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म पुण्य है। भाजपा का ही कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा,देश की सेवा कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला कार्यसमिति सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत वशिष्ट ने बताया कि सेवा पखवाड़े का यह कार्यक्रम 15 दिन तक चलेगा ।

भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता इस सेवा कार्य को पूर्ण करेंगे,कार्यक्रम की योजना एवं क्रियान्वयन करना ही भाजपा की पहचान है। इस अवसर पर सांसद डॉ0 मनोज राजोरिया के द्वारा मोदी के किए गए कार्यों को सराहा गया,भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश सेवा में हमेशा आगे रहती है हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता किसी भी कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ करता है हम सब को इस कार्य के प्रति अग्रसर होना है आने वाले विधानसभा चुनाव में हमें अभी से ही मेहनत करनी है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने 24 एवं 25 सितम्बर को बूथ कमलो उत्सव के बारे में विस्तार से बताया,सभी मंडल अध्यक्षों को बूथ समिति-पन्ना प्रमुख के कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम के मंच का संचालन जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह बैंसला के द्वारा किया गया।इस दौरान सह प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रहलाद सिंहल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेंद्र वशिष्ठ आदि मौजूद थे।

## 'फसल खराबा की सूचना 72 घण्टे में दें'

**भरतपुर** (निस)। मानसून की विदाई से पूर्व जिले में अच्छी बरसात हुई है जिससे रबी का बुआई क्षेत्रफल बढनें के साथ ही समय पर बुवाई हो सकेगी। पिछले दिनों हुई बरसात से खरीफ की फसलें जो कट चुकी है या खलिहान में रखी हुई हैं भीगने से खराब हो सकती है।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने किसानों को सलाह दी है कि जिन किसानों ने फसल बीमा करवाया हुआ है, वे 72 घण्टे में फसल खराबे की सूचना बीमा कम्पनी रिलाइन्स जनरल इन्श्योरेन्स के टोल फ्री न0 1800 102 4088 पर सूचना दर्ज करवायें। किसी कारणवश टोल फ्री न0 पर सूचना दर्ज नहीं हो तो प्रत्येक पंचायत समिति स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि अथवा कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक को लिखित में अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

उप निदेशक, कृषि विस्तार डॉ0 धर्मपाल सिंह ने बताया है कि हाल के दिनों में हुई वर्षा रबी फसलों विशेषकर सरसों एवं चना के लिये बहुत लाभकारी है। इससे फसलों की समय पर बुवाई हो सकेगी एवं अंकुरण अच्छा होगा, खेतों में पर्याप्त नमी से सिचांई के पानी की बचत होगी।

# रिटायर्ड कार्मिकों ने पुरानी पेंशन देने की मांग की

**न्यू पेंशन स्कीम की मांग को लेकर रिटायर्ड पूर्व एनपीएस कार्मिकों ने संयुक्त शासन सचिव से भेंट की।**

**भरतपुर** (निस)। न्यू पेंशन स्कीम एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ राजस्थान (एनपीएसईएफआर) के संभाग संयोजक दीपक दीक्षित ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष जिंद्रपाल कसवां, प्रदेश सचिव मौजी शंकर सैनी, प्रदेश संयुक्त सचिव ओमप्रकाश मीणा के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमे 8 रिटायर कार्मिक शामिल थे ने मुख्यमंत्री निवास पर संयुक्त शासन सचिव ललित से मिलकर पेंशन शुरू करवाने की मांग की।

संगठन भरतपुर इकाई के जिला संयोजक मुकेश जघीना ने बताया कि राजस्थान सरकार ने 19 मई 2022 को अधिसूचनाएं जारी कर 1 अप्रैल 22 से एनपीएस कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की थी। इसके पश्चात सेवारत कार्मिकों की एनपीएस कटौती मार्च 22 से रद्दकर अप्रैल 22 से जीपीएफ कटौती शुरू की थी। अधिसूचनाओं के अनुसार 1 जनवरी 2004 से राजकीय सेवा में नियुक्त पूर्व एनपीएस कार्मिकों को रिटायरमेंट के बाद 1 अप्रेल 2022 से पुरानी पेंशन देनी थी परंतु 3454 रिटायरपूर्व एनपीएस कार्मिकों में से अब तक एक को भी पुरानी पेंशन नही मिली है। कल्पना अग्रवाल आईएएस, निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग ने 7 जुलाई को संभागीय सभी अतिरिक्त निदेशकों कोजारी पत्र के माध्यम से पेंशन दावों के निस्तारण नहीं होने के विभिन्न कारण बताए हैं।

## 'कर्म किसी को नहीं छोड़ता'

गंगापुर सिटी । किसी की निंदा करना ही नरक है, रावण ने यहीं किया था। इस लिए कर्म किसी को नहीं छोडता है। वह सबसे हिसाब मांगता है। जिस पर भगवान का वर्धहस्त हो उसे संसार के कोई भी पाप, ताप प्रभावित नहीं कर सकते। उक्त विचार पुरानी अनाज मण्डी में चल रही नव दिवसीय संगीतमय रामकथा के अंतिम दिन संत बाल मुरारी बापू ने व्यक्त किए।

उन्होने कहा कि दुनिया की तमाम भक्ति एक दिन दगा दे जायेगी, केवल भगवान की भक्ति ही जीव के काम आयेगी। आज रामकथा में दौसा, भरतपुर, बांदीकुई, इटावा, बयाना लालसोट व सवाईमाधोपुर से भी भारी संख्या में बाबा के भक्त रामकथा श्रवण के लिए उमडे। इस दौरान बापू ने सभी को आर्शीवाद देते हुए धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि कथा के मुख्य संयोजक प्रहला मेठी व मुख्य यजमान सुदर्शन मित्तल के आग्रह पर ही वह गंगापुर सिटी में कथा का रसपान कराने आए है।

कथा का समापन राम राज्य तिलक करने व प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कथा सुनने के लिए काफी संख्या में भक्त रोजाना उमड़ रहे है।